Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 197 रायपुर, रविवार 10 अगस्त 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## रक्षाबंधन की खुशियां मातम में बदली, कई घटनाएं एवं वारदात हुआ

## सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत





**राजिम,** 10 अगस्त (हाईवे चैनल)। राजिम के पाण्डुका-जतमई मार्ग पर रक्षाबंधन के दिन एक दर्दनाक सड़क हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। बाइक सवार दंपति मनोज पटेल (30) और उनकी पत्नी मनीषा पटेल (27) की तेज रफ्तार इको वाहन की टक्कर से मौत हो गई। जबकि उनकी दो साल का बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है।

### 2 साल की मासूम की हालत गंभीर

जानकारी के मुताबिक, घटना शाम 5 बजे की बताई जा रही है। धमतरी जिले के बारना गांव के रहने वाले मनोज की पत्नी मनीषा अपने भाई को राखी बाँधने रायपुर आई थी, जिसके बाद मनीष खट्टी गांव में रहने वाली अपनी बहन के घर राखी बंधवाने के लिए जा रहे थे। इस दौरान एक इको वैन ने पहले एक अन्य मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारी। इसके बाद उसने पटेल दंपत्ति की बाइक को जोरदार ठोकर मारी, जिससे वे घसीटते हुए सड़क किनारे खेत में जा गिरे। इस दौरान मनीषा की गोद में सो रही उनकी दो साल की बच्ची खेतों के बीच कहीं गिर गई, जिसे राहगीरों ने बचाकर अस्पताल पहुंचाया। मनोज अपनी बहन के इकलौते भाई थे। इस हादसे ने न केवल एक परिवार को तबाह कर दिया बल्कि एक बहन को उसके इकलौते भाई और एक भाई को उसकी बहन को हमेशा के लिए खोना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद इको चालक और उसके साथ मौजूद लोग वाहन को वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गए। इस बीच, मौके पर मौजूद पाण्डुका पुलिस के जवानों ने घायलों को अपने पीसीआर वाहन से अस्पताल पहुंचाया। गौरतलब है कि पाण्डुका-जतमई मार्ग पर आए दिन सड़क हादसे हो रहे है, जिनमें कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। सड़क चौड़ी होने से जहां आवागमन में सुविधा मिली है, वहीं तेज रफ्तार और शराब के नशे में वाहन चलाने के कारण हादसों की संख्या बढ़ गई है। कई बार ऐसे हादसे सामने आते हैं जिनमें लोग दूसरों को घायल करते हैं या खुद मौत का शिकार हो जाते हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि पाण्डुका का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ एक रेफर सेंटर बनकर रह गया है, क्योंकि वहां न तो कोई डॉक्टर मौजूद रहता है और न ही कोई कर्मचारी। इसके अलावा, यहां तैनात 108 एम्बुलेंस भी खराब हालत में है और घायलों को सुविधा देने में असमर्थ है। संजीवनी 108 गाड़ी खुद ही खराब हालत में होने के कारण लोग इसे बुलाने की बजाय अपने निजी साधनों से अस्पताल जाना पसंद करते हैं।

## पचरी में मां-बेटी की संदिग्ध मौत हत्या या कुछ और, जांच जारी




**खरोरा,** 10 अगस्त (हाईवे चैनल)। रायपुर जिला के खरोरा थाना अंतर्गत ग्राम पचरी में मां बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस को एंबुलेंस ड्राइवर से यह खबर मिली। यहां मां बेटी के बीमार होने की बात पर एंबुलेंस को खबर की गई थी पहुंचने पर देखा की मौत हो चुकी है और मृत्यु को संदिग्ध मान कर पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद खरोरा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू हुआ।

### बेटी भाई को राखी बांधने आई थी

मृतिका बिंदा बाई चतुर्वेदी और उसकी 40 वर्षीय बेटी जो अपने भाई को राखी बांधने अपने ससुराल से मायके आई थी उनका शव घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है फोरेंसिक की टीम जांच कर रही है पुलिस का मानना है की पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। वहीं मृतक के परिजन का कहना है की उन्होंने दोनों को जमीन पर तड़पते हुए देखा और एंबुलेंस को बुलाया तब तक दोनों की जान जा चुकी थी। पुलिस को शंका है की कहीं खाने की चीज में कुछ मिला तो नहीं था या फिर कोई फूड प्वाइजनिंग का मामला भी हो सकता है!

राखी में कई तरह की मिठाई भी मार्केट से लोग खरीद कर ले गए थे ऐसा भी हो सकता है की कहीं किसी मिठाई में तो कोई जहरीला पदार्थ नहीं था या फिर मिलावटी मिठाई का फूड प्वाइजनिंग का मामला भी हो सकता है या उन्होंने जो भोजन किया उसमें तो कोई जहरीला पदार्थ नहीं था? ऐसी कई तरह की आशंका जताई जा रही है जिस पर विराम पोस्टमार्टम के रिपोर्ट आने के बाद लग जायेगा और मृत्यु का सही कारण पता चलेगा, फिलहाल खरोरा पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए लेकर निकली है।

## नवा रायपुर में 400 एकड़ में बनेगी विश्व स्तरीय 'मेडिसिटी'




**रायपुर,** 10 अगस्त (हाईवे चैनल)। नवा रायपुर अटल नगर में जल्द ही विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित मेडिसिटी विकसित की जाएगी. नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने इसके लिए सेक्टर-37 में 400 एकड़ भूमि चिन्हित की है. इस परियोजना के तहत लगभग 5 हजार बिस्तरों की क्षमता वाली स्वास्थ्य सेवाएं निजी निवेश व वाणिज्यिक मॉडल के माध्यम से विकसित की जाएंगी. इसमें कई बड़े अस्पतालों व चिकित्सा संस्थानों ने निवेश के लिए रुचि दिखाई है।

### बॉम्बे हॉस्पिटल जैसे बड़े चिकित्सा संस्थानों को जमीन आवंटन करने की तैयारी

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि मेडिसिटी निर्माण के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं. मेडिसिटी में मल्टीस्पेशलिटी अस्पतालों के अलावा मेडिकल कॉलेज, छात्रावास, डायग्नोस्टिक सेंटर, रिचर्स सेंटर, धर्मशाला व होटल भी व्यावसायिक एकीकृत विकास मॉडल के तहत बनाए जाएंगे. यह मेडिसिटी न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि आसपास के राज्यों को भी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगी. बताया गया है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार मेडिसिटी को मेडिकल टूरिज्म सेंटर के रूप में भी विकसित करने की योजना बना रही है. इसके लिए रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के संचालन के प्रयास किए जा रहे हैं. पांचों संभागों में मेडिसिटी बनाने की योजना राज्य सरकार ने नवा रायपुर की तरह प्रदेश के सभी पांचों संभागों में एक-एक मेडिसिटी विकसित करने की योजना बनाई है.

यह कदम नवा अंजार 2047 विजन डॉक्यूमेंट के तहत उठाया गया है. इस योजना के तहत हेल्थ व न्यूट्रिशन को विशेष प्राथमिकता दी गई है. मेडिसिटी का लक्ष्य उच्च गुणवत्तावाली टर्शरी केयर सुविधाएं उपलब्ध कराना, दक्ष स्वास्थ्य श्रमबल तैयार करना व मेडिकल टूरिज्म को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। अधिकारियों का कहना है कि नवा रायपुर में एयरपोर्ट के पास मेडिसिटी के विकास से छत्तीसगढ़ को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी. राज्य सरकार भविष्य में महत्वाकांक्षी मेडिसिटी परियोजना को केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना से जोड़ने का प्रस्ताव रख रही है।

## पेंड्रा में हादसा : बाइक से गिरे 3 लोगों की मौत

बिलासपुर/पेंड्रा, 10 अगस्त (हाईवे चैनल)। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के पेंड्रा में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह भीषण सड़क हादसा पेंड्रा के गौरेला थाना क्षेत्र में हुआ। यहां एक तेज रफ़्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई।

इस हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही गौरेला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। वहीं पुलिस की टीम ने तीनों मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमर्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ समय से सड़क हादसों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में आए दिन हो रहे सड़क हादसों में कई लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, तो कई लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। लगातार हो रहे सड़क हादसों के चलते लोगों के मन में भी डर बैठ गया है।

## केन्द्र सरकार के दिव्यांग कर्मचारियों को अब मिलेगा दोगुना परिवहन भत्ता

**नई दिल्ली,** 10 अगस्त (न्यूज चैनल)। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एक राहतभरी खबर सामने आई है, खासतौर पर उन कर्मचारियों के लिए जो किसी न किसी रूप में दिव्यांगता से जूझ रहे हैं। सरकार ने इन कर्मचारियों के लिए एक बड़ा निर्णय लेते हुए उनके परिवहन भत्ते को दोगुना करने का ऐलान किया है। यह निर्णय 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अंतर्गत लिया गया है, जिसे वित्त मंत्रालय ने औपचारिक रूप से लागू कर दिया है।

वित्त मंत्रालय द्वारा सभी मंत्रालयों और विभागों को हाल ही में भेजे गए एक कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है कि दिव्यांगता की कुछ विशिष्ट श्रेणियों में आने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अब सामान्य दर की तुलना में दोगुना ट्रांसपोर्ट अलाउंस मिलेगा। यह फैसला 15 सितंबर 2022 को जारी पुराने निर्देशों में संशोधन के बाद लिया गया है। इस संशोधित आदेश में दिव्यांगता की श्रेणियों को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत फिर से परिभाषित किया गया है और बताया गया है कि किन श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों को यह लाभ मिलेगा। सरकार ने दिव्यांगता की तीन प्रमुख श्रेणियां तय की हैं, जिनके अंतर्गत आने वाले कर्मचारी इस सुविधा के पात्र होंगे।

## ब्रेकिंग न्यूज

### चुनाव आयोग के नोटिस के बाद तेजस्वी यादव ने डिप्टी सीएम को लपेटा



**नई दिल्ली,** 10 अगस्त (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में दो मतदाता पहचान पत्र रखने का आरोप लगाया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, तेजस्वी यादव ने सिन्हा पर आरोप लगाते हुए इसके सबूत भी पेश किए। यह आरोप तब सामने आया है जब हाल ही में निर्वाचन आयोग ने खुद तेजस्वी यादव को दो मतदाता पहचान पत्र रखने के आरोप में नोटिस भेजा था। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं, जिनमें से एक में उनकी उम्र 57 साल और दूसरे में 60 साल बताई गई है। उन्होंने कहा कि यह जानकारी चुनाव आयोग की वेबसाइट और नई मतदाता सूची में भी उपलब्ध है, जिसे सभी दलों के जिला अध्यक्षों को दिया गया है। तेजस्वी यादव ने कहा, केवल दो ही बातें हो सकती हैं- या तो चुनाव आयोग की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (स्ढ्ढक्र) की पूरी प्रक्रिया ही फर्जी है या फिर बिहार के उपमुख्यमंत्री फर्जी हैं।

### कुपवाड़ा के जंगल में आतंकी ठिकाना ध्वस्त, सेना ने बरामद किया रॉकेट लॉन्चर और एके-47

**नई दिल्ली,** 10 अगस्त (न्यूज चैनल)। भारतीय सेना की 2 राजपूत इकाई ने शनिवार को सुबह हंदवाड़ा पुलिस के साथ मिलकर हफरुदा के पास द्रुद के घने जंगल में तलाशी अभियान चलाया। संयुक्त सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी ठिकाने का पता लगाया और एक रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) लॉन्चर, एके-47 और पिस्तौल की गोलियों के साथ विभिन्न खाद्य सामग्री बरामद की।

## पीएम मोदी ने 3 वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी



**नई दिल्ली,** 10 अगस्त (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में तीन नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। नई शुरू की गई सेवाओं में बेंगलुरु-बेलगावी रूट, अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा रूट और नागपुर (अजनी)-पुणे रूट शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने कर्नाटक दौरे के तहत बेंगलुरु पहुँचे। केएसआर रेलवे स्टेशन पर राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी अगले दिन बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की ज़रूरत बताई।

### ऑपरेशन सिंदूर का असर

## पाकिस्तान को महंगा पड़ा भारत से बैर 2 महीने में अरबों का हुआ नुकसान



**नई दिल्ली,** 10 अगस्त (न्यूज चैनल)। भारतीय विमानन कंपनियों के लिए पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र बंद होने से पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण को दो महीने में 4.1 अरब रुपये का नुकसान हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान और भारत ने एक-दूसरे की विमानन कंपनियों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए थे।

चार दिन के सैन्य संघर्ष के कारण दोनों देशों के बीच संबंध ओर अधिक बिगड़ने के बाद हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध बढ़ा दिया गया। भारत ने छह मई की रात 'ऑपरेशन सिंदूर% के तहत पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया। 'डॉन अखबार% की खबर में बताया गया कि रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को नेशनल असेंबली को सूचित किया कि भारत में पंजीकृत विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद होने से पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण को 4.1 अरब रुपए का नुकसान हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि यह नुकसान 24 अप्रैल से 30 जून के बीच का है। इसने यह भी कहा कि यह रकम कुल नुकसान नहीं, बल्कि सिर्फ कमाई में कमी को दिखाती है। यह भी बताया गया कि हवाई क्षेत्र के उपयोग और हवाई सेवाओं से जुड़े शुल्कों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र भारतीय विमानन कंपनियों और विमानों को छोड़कर सभी के लिए खुला है। इसी तरह, भारतीय हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमानन कंपनियों के विमानों के प्रवेश पर प्रतिबंध जारी है।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को महत्व देने और निर्यात बढ़ाने की जरूरत : गडकरी



**नई दिल्ली,** 10 अगस्त (न्यूज चैनल)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि आज की दुनिया में जो देश 'दादागिरी' कर रहे हैं, वे ऐसा इसलिए कर पा रहे हैं क्योंकि उनके पास प्रौद्योगिकी है और वे आर्थिक रूप से मजबूत हैं। गडकरी ने यहां स्थित विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वीएनआईटी) में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत के निर्यात को बढ़ाने और आयात को कम करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

गडकरी ने कहा, "अगर हमारे निर्यात और अर्थव्यवस्था की दर बढ़ती है, तो मुझे नहीं लगता कि हमें किसी के पास जाने की जरूरत पड़ेगी। जो लोग 'दादागिरी' कर रहे हैं, वे ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वे आर्थिक रूप से मजबूत हैं और उनके पास प्रौद्योगिकी है। अगर हमें बेहतर प्रौद्योगिकी और संसाधन मिल जाएं, तो हम किसी पर धौंस नहीं जमाएंगे, क्योंकि हमारी संस्कृति हमें सिखाती है कि विश्व का कल्याण सबसे महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा, "हम वैश्विक स्तर पर विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे हैं और इन सभी समस्याओं का समाधान विज्ञान और प्रौद्योगिकी है, अर्थात ज्ञान, जो एक शक्ति है।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यदि भारत को 'विश्वगुरु' बनना है तो निर्यात बढ़ाना और आयात कम करना आवश्यक है।